www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 December 30, 2012 Shift 1 Geography Question Paper

## PAPER-II
## GEOGRAPHY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : .............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

D 8 0 1 2

Time : $1\,^1/_4$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** | Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

Prepp
Your Personal Exams Guide

# GEOGRAPHY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Landslides involve

(A) Downslope movement of individual rock blocks which is usually not perceptible.

(B) Rapid perceptible movement of relatively dry mass of earth debris or bed rock.

(C) Slow to very rapid movement of water saturated rock debris.

(D) Slow-flowing downslope masses of rock debris saturated with water.

**2.** Which of the following pairs is not a correct match of desert and country/continent ?

(A) Atacama desert – South America

(B) Gobi desert – Central Asia

(C) Sonoran desert – West Asia

(D) Great Victorian desert – Australia

**3.** One of the proponents of the turbidity current theory of the origin of submarine canyons was

(A) Daly

(B) Dana

(C) Salis

(D) Gregory

**4.** The term panplane refers to

(A) A level surface formed in the old age of fluvial cycle

(B) A level surface formed by wind erosion

(C) A plain formed by marine action

(D) A plain formed by joining of flood-plains

**5.** In the process of erosion, the removal of material by solution is called

(A) Attrition (B) Corrasion

(C) Corrosion (D) Sapping

**6.** Arrange the solar spectrum in ascending order of its wavelength :

(a) Ultraviolet

(b) Microwaves

(c) X-rays

(d) Television waves

**Codes :**

(A) (d), (c), (b), (a)

(B) (a), (c), (d), (b)

(C) (c), (a), (b), (d)

(D) (b), (c), (a), (d)

**7.** Energy that is reflected by the atmosphere

(A) does not heat the atmosphere

(B) has a different wavelength than the incoming energy

(C) is usually short energy like visible light which does not penetrate the atmosphere

(D) heats the atmosphere by absorption

**8.** Which one of the following statements about the polar jet stream is not true ?

(A) It moves northwards during summer.

(B) It supplies energy to the circulation of surface storms.

(C) Its location roughly coincides with that of the polar front.

(D) Its velocity is greater during summer.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# भूगोल

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** भूस्खलन से सम्बन्धित है

(A) व्यष्टिक शैल खंडों की ढलुवाँ गति जो कि सामान्यतः दृष्टिगोचर नहीं होती है ।

(B) आधार शैल या भूमिज मलबे के तुलनात्मक रूप से शुष्क पुंज की द्रुत अवगम्य संचलन (या गति) ।

(C) जल संतृप्त शैल मलबे की धीमे से बहुत तेज गति ।

(D) जल से संतृप्त शैल मलबे के धीमे-प्रवाही ढलुवाँ पुंज ।

**2.** निम्नलिखित में से मरुस्थल तथा देश/महाद्वीप का कौन सा युग्म नहीं है ?

(A) अटाकामा मरुस्थल – दक्षिण अमेरिका

(B) गोबी मरुस्थल – केन्द्रीय एशिया

(C) सोनोरन मरुस्थल – पश्चिम एशिया

(D) ग्रेट विक्टोरियन मरुस्थल – ऑस्ट्रेलिया

**3.** अंतःसमुद्री केनियन के उद्भव के पंकिल धारा सिद्धांत के प्रतिपादकों में से एक निम्नलिखित थे :

(A) डैली

(B) डाना

(C) सैलिस

(D) ग्रेगरी

**4.** 'पैनप्लेन' शब्द किसका संकेत करता है ?

(A) नदीय चक्र के वृद्धावस्था मे निर्मित समतल पृष्ठ

(B) पवन अपरदन द्वारा निर्मित समतल पृष्ठ

(C) समुद्री क्रिया द्वारा निर्मित समतल मैदान

(D) बाढ़कृत मैदानों के जुड़ने से निर्मित मैदान

**5.** अपरदन की प्रक्रिया में, घोल द्वारा पदार्थ का अवनयन क्या कहलाता है ?

(A) संनिघर्षण (B) अपघर्षण

(C) संक्षारण (D) अधः खनन

**6.** सौर स्पेक्ट्रम को उसके तरंग दैर्ध्य के आरोही क्रम में व्यवस्थित करें :

(a) पराबैंगनी (b) सूक्ष्म तरंगें

(c) एक्स रे (d) टेलीविज़न तरंगें

**कूट :**

(A) (d), (c), (b), (a)

(B) (a), (c), (d), (b)

(C) (c), (a), (b), (d)

(D) (b), (c), (a), (d)

**7.** वायुमंडल द्वारा परावर्तित ऊर्जा

(A) वायुमंडल को गर्म नहीं करती है ।

(B) आने वाली ऊर्जा से उसका भिन्न तरंग दैर्ध्य होता है ।

(C) सामान्यतया दृश्यमान प्रकाश की तरह से लघु ऊर्जा होती है जो कि वायुमंडल को वेधती नहीं है ।

(D) अवशोषण के द्वारा वायुमंडल को गर्म करती है ।

**8.** ध्रुवीय जेट धारा (पोलर जेट स्ट्रीम) के बारे में कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(A) ग्रीष्मकाल में यह उत्तर की ओर गतिमान होती है ।

(B) यह सतही तूफान के परिसंचरण को ऊर्जा देती है ।

(C) इसकी अवस्थिति ध्रुवीय वाताग्र के अनुरूप होती है ।

(D) इसका वेग ग्रीष्म काल में अधिक होता है ।

prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** The percentage of water vapour in the air in the tropical regions may be as high as
(A) 4 percent
(B) 10 percent
(C) 30 percent
(D) 50 percent

**10.** The vertical air flow in an anticyclone results in
(A) diversion aloft
(B) conversion aloft
(C) diversion both aloft and at the surface
(D) convergence at the surface and divergence aloft

**11.** The most common salt in the ocean is
(A) Calcium chloride
(B) Sodium nitrate
(C) Sodium chloride
(D) Calcium nitrate

**12.** In the hydrological cycle evaporation is preceded by
(A) Clouds
(B) Precipitation
(C) Heat
(D) Condensation

**13.** Which of the following occupies Trophic Level I in food chain ?
(A) Bacteria
(B) Carnivores
(C) Primary consumers
(D) Plants

**14.** Which of the following regions is known as the 'carbon sink' of the globe ?
(A) Antarctica
(B) Savanna
(C) N.W. Europe
(D) Tropical rainforest

**15.** Ecological Niche refers to
(A) Interaction between man and environment
(B) The functional role of an organism in the ecosystem
(C) Interdependence of man and plant
(D) None of the above

**16.** Who among the following expounded the concept that "the present is the key to the past" ?
(A) Buffon (B) Lyell
(C) Hutton (D) Playfair

**17.** The approach that some of the geographical facts according to Ritter, cannot be explained scientifically, is termed as
(A) Ecological
(B) Regional
(C) Teleological
(D) Locational

**18.** Whose pioneer statement on the scope and method of modern geography, according to Hartshorne, set the direction of geographic thought for the future ?
(A) Blache
(B) Schluter
(C) Ratzel
(D) Richthofen

**19.** Who among the following geographers emphasized the predominant role of climate in human life ?
(A) Geddes
(B) Jefferson
(C) Huntington
(D) Brunhes

**9.** उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में वायु में जल के कणों का प्रतिशत कितना अधिक हो सकता है ?

(A) 4 प्रतिशत
(B) 10 प्रतिशत
(C) 30 प्रतिशत
(D) 50 प्रतिशत

**10.** प्रतिचक्रवात में ऊर्ध्वाकार वायु प्रवाह निम्नलिखित में फलीभूत होता है :

(A) ऊपरी दिक्परिवर्तन
(B) ऊपरी रूपान्तरण
(C) ऊपरी तथा सतही दोनों दिक्परिवर्ती
(D) सतह पर रूपान्तरण और ऊपरी दिक्परिवर्तन

**11.** समुद्र में सर्वाधिक सर्वनिष्ट लवण है

(A) कैल्शियम क्लोराइड
(B) सोडियम नाइट्रेट
(C) सोडियम क्लोराइड
(D) कैल्शियम नाइट्रेट

**12.** जल चक्र में वाष्पीकरण से एकदम पहले क्या आता है ?

(A) मेघ (B) अवक्षेपण
(C) ताप (D) संघनन

**13.** खाद्य श्रृंखला में पोषण स्तर I में निम्नलिखित में से कौन आता है ?

(A) बैक्टेरिया
(B) मांसाहारी
(C) मुख्य उपभोक्ता
(D) पादप

**14.** निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र ग्लोब के 'कार्बन सिंक' के रूप में जाना जाता है ?

(A) अंटार्कटिका
(B) सवाना
(C) उत्तर-पश्चिमी यूरोप
(D) उष्णकटिबंधीय वर्षावन

**15.** पारिस्थितिकीय निश किसका संकेत करता है ?

(A) मनुष्य तथा पर्यावरण के बीच अंत:क्रिया
(B) पारिस्थितिकीय व्यवस्था में जीव की कार्यात्मक भूमिका
(C) मनुष्य तथा पौधे की अंतः निर्भरता
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** निम्नलिखित में से किसने यह अवधारणा कि "वर्तमान भूत की कुंजी है" प्रतिपादित की ?

(A) बफ्फन (B) लेल
(C) हट्टन (D) प्ले फेयर

**17.** रिट्टर के अनुसार, इस उपागम को कि "कुछ भौगोलिक तथ्यों की वैज्ञानिक रूप से व्याख्या नहीं की जा सकती है" क्या कहते हैं ?

(A) पारिस्थितिकीय
(B) क्षेत्रीय
(C) उद्देश्यवादी
(D) स्थानिक

**18.** हार्टशार्न के अनुसार, आधुनिक भूगोल के क्षेत्र तथा पद्धति पर किसके अग्रगामी कथन ने भविष्य के लिये भौगोलिक विचारधारा की दिशा निर्धारित की ?

(A) ब्लाश
(B) श्लूटर
(C) रैट्ज़ेल
(D) रिचथॉफेन

**19.** मानव जीवन में जलवायु की प्रमुख भूमिका पर किस भूगोलवेत्ता ने जोर दिया है ?

(A) गेडीस
(B) जेफ़रसन
(C) हंटिंगटन
(D) ब्रून्स

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** Who is usually given the credit for establishing the validity of the idea that there was an ice age during which ice sheets covered much of northern Europe ?

(A) Agassiz
(B) Ramsay
(C) Jukes
(D) Penck

**21.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** The metropolitan cities are numerically dominated by male adult population.

**Reason (R) :** Migration is age and sex selective.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is correct.

**22.** The percentage of Aged population (60+) to the total population in India lies between

(A) 2 – 5 (B) 5 – 10
(C) 10 – 12 (D) 12 – 15

**23.** Which of the following migration streams experiences the maximum migration in India ?

(A) Rural to Rural
(B) Rural to Urban
(C) Urban to Urban
(D) Urban to Rural

**24.** Which one of the following describes a projected urbanised world or universal city by the end of 21st Century ?

(A) Conurbation
(B) City-Region
(C) Megalopolis
(D) Ecumenopolis

**25.** Which one of the following indicates 'Random' distribution of settlements ?

(A) 0.49 (B) 1.00
(C) 1.59 (D) 2.15

**26.** The stretchability of resource refers to

(A) The ability to find adequate substitution
(B) Susceptibility to destruction
(C) Ability to produce greater yields
(D) Non-exhaustibility

**27.** Which one of the following sequences of land use according to Von Thunen's model is correct ?

(A) Market gardening and fresh milk, firewood and lumber, intensive crop farming
(B) Firewood and lumber, intensive crop farming, market gardening and fresh milk
(C) Intensive crop farming, market gardening and fresh milk, firewood and lumber
(D) Market gardening and fresh milk, intensive crop farming, firewood and lumber

**28.** Resource creation is the result of

(A) interaction of natural and cultural processes
(B) interaction of different natural processes
(C) interaction of different social processes
(D) interaction of different economic processes

**20.** यह विचार कि ऐसा हिम युग था जिस दौरान अधिकांश उत्तरी यूरोप हिम या बर्फ की चादर से आच्छादित था की वैधता स्थापित करने का श्रेय सामान्यतया किसे दिया जाता है ?

(A) अगासिज़ (B) रामसे
(C) ज्यूक्स (D) पेंक

**21.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** महानगरों में वयस्क पुरुष जनसंख्या की संख्या का अधिक वर्चस्व रहता है ।

**कारण (R) :** प्रवास आयु तथा लिंग चयनात्मक है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**22.** भारत में कुल जनसंख्या में बुजुर्गों (60+) की जनसंख्या का प्रतिशत निम्नलिखित के बीच पड़ता है :

(A) 2 – 5 (B) 5 – 10
(C) 10 – 12 (D) 12 – 15

**23.** निम्नलिखित में से कौन सी प्रवास धारा भारत में अधिकतम प्रवास का अनुभव करती है ?

(A) ग्रामीण से ग्रामीण
(B) ग्रामीण से नगरीय
(C) नगरीय से नगरीय
(D) नगरीय से ग्रामीण

**24.** 21वीं शताब्दी के अंत तक प्रक्षेपित नगरीय विश्व या सार्वभौमिक शहर को निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्त करता है ?

(A) सन्नगर
(B) नगर-क्षेत्र
(C) विश्वनगरी (मेगालोपोलिस)
(D) वास्य नगरी (एक्यूमेनोपोलिस)

**25.** निम्नलिखित में से कौन सा अधिवास का 'यादृच्छिक' वितरण इंगित करता है ?

(A) 0.49 (B) 1.00
(C) 1.59 (D) 2.15

**26.** संसाधन की तनन क्षमता क्या संकेत करती है ?

(A) समुचित प्रतिस्थापन खोजने की क्षमता
(B) विनाश की संभाव्यता
(C) अधिक उत्पादन की क्षमता
(D) अनिः शेषणता

**27.** वॉन थ्यूनेन के मॉडल के अनुसार भूमि उपयोग के निम्नलिखित अनुक्रमों में से कौन सा सही है ?

(A) बाजार बागवानी एवं ताजा दूध, ईंधन एवं काष्ठ, गहन फसल खेती
(B) ईंधन एवं काष्ठ, गहन फसल खेती, बाजार बागवानी एवं ताजा दूध
(C) गहन फसल खेती, बाजार बागवानी एवं ताजा दूध, ईंधन एवं काष्ठ
(D) बाजार बागवानी एवं ताजा दूध, गहन फसल खेती, ईंधन एवं काष्ठ

**28.** संसाधन सृजन किसका परिणाम है ?

(A) प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक प्रक्रियाओं की अंत:क्रिया
(B) विभिन्न प्राकृतिक प्रक्रियाओं की अंत:क्रिया
(C) विभिन्न सामाजिक प्रक्रियाओं की अंत:क्रिया
(D) विभिन्न आर्थिक प्रक्रियाओं की अंत:क्रिया

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** The final stage in the process of energy resource utilization is
(A) Transport
(B) Storage
(C) Disposal of waste material
(D) Conversion

**30.** Who among the following developed the sequential expansion transport network model ?
(A) De Souza and Porter
(B) Brown and Bracey
(C) Myrdal, Seers and Rostow
(D) Taaffe, Morrill and Gould

**31.** The concept of the Geographical Pivot of History was proposed by
(A) Mickinder
(B) Martin
(C) Kropotkin
(D) Ratzel

**32.** Which of the following categories does Chile belong to, according to shape ?
(A) Fragmented
(B) Fragmented cum elongated
(C) Elongated
(D) Compact cum elongated

**33.** The number of children dying in the first year of their birth per thousand live birth in a year is called
(A) Death rate
(B) Standardised mortality rate
(C) Infant mortality rate
(D) Life expectancy rate

**34.** Which one of the following arrangements of States in descending order of literacy rates according to 2011 Census is correct ?
(A) Kerala, Mizoram, Tripura, Goa
(B) Kerala, Goa, Mizoram, Tripura
(C) Goa, Kerala, Tripura, Mizoram
(D) Mizoram, Tripura, Kerala, Goa

**35.** Which one of the following is related to Tribal Economy ?
(A) Intensive cultivation
(B) Footloose Industry
(C) Mining and Quarrying
(D) Shifting cultivation

**36.** What are the bases of agro-climatic regionalization proposed by the Planning Commission of India ?
(A) Relief, soil and drainage
(B) Rainfall, temperature and cropped area
(C) Vegetation, soil and land use
(D) Relief, land use and Net sown Area

**37.** Which category of regions does metropolitan region belongs to ?
(A) Formal region
(B) Functional region
(C) Single purpose region
(D) Natural region

**38.** Who among the following attempted division of India into planning regions ?
(A) O.H.K. Spate
(B) L.D. Stamp
(C) R.L. Singh
(D) R.P. Misra

**39.** In which of the Five Year Plans regional imbalance was given prominence for the first time ?
(A) First (B) Second
(C) Third (D) Fourth

**40.** Which one of the following is not the ingredient of sustainable development ?
(A) Intergeneration transferability
(B) Social Justice
(C) Inter-regional Transferability
(D) Non-optimal resource utilization

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** ऊर्जा संसाधन उपयोग की प्रक्रिया में अन्तिम अवस्था है

(A) परिवहन
(B) भंडारण
(C) अवशिष्ट सामग्री का निपटान
(D) रूपान्तरण

**30.** निम्नलिखित में से किसने आनुक्रमिक विस्तरण परिवहन नेटवर्क मॉडल विकसित किया है ?

(A) डिसूजा एवं पॉर्टर
(B) ब्राउन तथा ब्रेसी
(C) मिर्डल, सियर्स तथा रोस्टोव
(D) टाफे, मॉरिल तथा गूल्ड

**31.** इतिहास की भौगोलिक धुरी की अवधारणा का प्रस्ताव किसने रखा ?

(A) मैकिन्डर (B) मार्टिन
(C) क्रोपोटकिन (D) रैट्ज़ल

**32.** चिली अपनी आकृति के अनुसार किस वर्ग में पड़ता है ?

(A) खंडित
(B) खंडित लम्बाकार
(C) लम्बाकार
(D) संहत-लम्बाकार

**33.** वर्ष में प्रति हजार जीवित जन्मे बच्चों के जन्म के प्रथम वर्ष में मरने वाले बच्चों की संख्या कहलाती है

(A) मृत्यु दर
(B) मानकीकृत मृत्यु दर
(C) शिशु मृत्यु दर
(D) जीवन प्रत्याशा दर

**34.** 2011 की जनगणना के अनुसार साक्षरता दरों के अवरोही क्रम को लेकर राज्यों की निम्नांकित व्यवस्थाओं में से कौन सा सही है ?

(A) केरल, मिज़ोरम, त्रिपुरा, गोआ
(B) केरल, गोआ, मिज़ोरम, त्रिपुरा
(C) गोआ, केरल, त्रिपुरा, मिज़ोरम
(D) मिज़ोरम, त्रिपुरा, केरल, गोआ

**35.** निम्नलिखित में से क्या जनजातीय अर्थव्यवस्था के साथ सम्बन्धित है ?

(A) गहन खेती
(B) स्वच्छंद उद्योग
(C) खनन तथा उत्खनन
(D) स्थानांतरीय कृषि

**36.** योजना आयोग द्वारा प्रस्तावित भारत के कृषि-जलवायु क्षेत्रों का आधार क्या है ?

(A) उच्चावच, मृदा तथा अपवाह
(B) वर्षा ऋतु, तापमान तथा कृषित क्षेत्र
(C) वनस्पति, मृदा तथा भूमि उपयोग
(D) उच्चावच, भूमि उपयोग तथा निवल बोया क्षेत्र

**37.** महानगरीय क्षेत्र कौन से क्षेत्र में है ?

(A) आकारी (समांगी) क्षेत्र
(B) कार्यात्मक क्षेत्र
(C) एकल उद्देश्य क्षेत्र
(D) प्राकृतिक क्षेत्र

**38.** निम्नलिखित में से किसने भारत को नियोजन प्रदेशों में विभाजित किया ?

(A) ओ.एच.के. स्पेट
(B) एल.डी. स्टैम्प
(C) आर.एल. सिंह
(D) आर. पी. मिश्रा

**39.** निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना में प्रादेशिक विषमता को पहली बार महत्त्व दिया गया ?

(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) चतुर्थ

**40.** निम्नलिखित में से कौन शाश्वत विकास का संघटक नहीं है ?

(A) अन्तः पीढ़ी स्थानान्तरणता
(B) सामाजिक न्याय
(C) अन्तः प्रादेशिक स्थानान्तरणता
(D) अन्-इष्टतमेतर संसाधन उपयोग

41. The main species of the coniferous forests of the Himalayas between the altitudes 1600 metres and 3300 metres are
(A) Cedar, Pine, Sine, Silverfir, Spruce
(B) Sagon and Sakhu
(C) Sandalwood, Rosewood
(D) Oak, Chestnut, Chir, Chil

42. The Bundelkhand plateau covers parts of which two of the following States ?
(A) Chhattisgarh & Jharkhand
(B) Uttar Pradesh and Madhya Pradesh
(C) Chhattisgarh and Uttar Pradesh
(D) Madhya Pradesh & Chhattisgarh

43. Which of the following places in India ranks second among the coldest inhabited places in the world ?
(A) Dras (B) Itanagar
(C) Manali (D) Mana

44. Which of the following States has the highest percentage of its agricultural area under canal irrigation ?
(A) Madhya Pradesh
(B) Jammu & Kashmir
(C) Uttarakhand
(D) Uttar Pradesh

45. Which of the following ranges separates the Kashmir Valley from the Indus River Valley ?
(A) Pir Panjal Range
(B) Dhauladhar Range
(C) Great Himalayan Range
(D) Siwalik Range

46. Which one of the following methods is suitable to represent the proportions of different land uses in a region ?
(A) Line graph
(B) Pie diagram
(C) Hythergraph
(D) Triangular diagram

47. The dot method of distribution refers to
(A) Iconic Model
(B) Analogue Model
(C) Symbolic Model
(D) Graphical Model

48. Which one of the following is a relative measure of dispersion ?
(A) Standard deviation
(B) Quartile deviation
(C) Coefficient of variation
(D) Range

49. If a map is drawn on RF 1/5500, which one of the following representative fractions will be correct if the map is reduced to half ?
(A) 1/2750 (B) 1/11,000
(C) 1/5,000 (D) 1/33,000

50. Consider the following statements and select the correct answer using the codes given below :
(1) NASA is the national acquisition and distribution agency for all satellite data in India.
(2) NASA sends the de-coded data to the NNRMS whose activities are guided by various Standing Committees.

**Codes :**
(A) Only (1) is correct.
(B) Only (2) is correct.
(C) Both (1) and (2) are correct.
(D) Neither (1) nor (2) is correct.

**41.** 1600 मीटर और 3300 मीटर की ऊँचाई के बीच हिमालय के शंकुधारी वन की मुख्य स्पेसीज है

(A) सिडार, पाइन, साइन, सिल्वर फ़र, स्प्रुस

(B) सागौन एवं साखु

(C) सैंडलवुड तथा रोज़वुड

(D) ओक, चेस्टनट, चीर, चील

**42.** बुन्देलखंड पठार के अंतर्गत किन दो राज्यों के हिस्से समाविष्ट हैं ?

(A) छत्तीसगढ़ एवं झारखंड

(B) उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश

(C) छत्तीसगढ़ एवं उत्तर प्रदेश

(D) मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़

**43.** भारत में निम्नलिखित में से कौन सा स्थान विश्व में सबसे ठन्डे आवासित स्थानों में द्वितीय श्रेणी में पड़ता है ?

(A) द्रास (B) इटानगर

(C) मनाली (D) माना

**44.** निम्नलिखित में से किस राज्य में उसके कृषि क्षेत्र का अधिकतम प्रतिशत नहर सिंचाई के अंतर्गत आता है ?

(A) मध्य प्रदेश

(B) जम्मू व कश्मीर

(C) उत्तराखण्ड

(D) उत्तर प्रदेश

**45.** कश्मीर घाटी को सिन्धु नदी घाटी से कौन सी श्रेणियाँ पृथक करती हैं ?

(A) पीर पंजाल श्रेणी

(B) धौलाधर श्रेणी

(C) वृहद हिमालय श्रेणी

(D) शिवालिक श्रेणी

**46.** निम्नलिखित में से कौन सी विधि किसी क्षेत्र में विभिन्न भूमि उपयोगों के अनुपातों को निरूपित करने के उपयुक्त है ?

(A) रेखा ग्राफ

(B) पाई आरेख

(C) हीदर ग्राफ

(D) त्रिभुजीय आरेख

**47.** वितरण की बिन्दु पद्धति किसका संकेत करती है ?

(A) प्रतिमापरक मॉडल

(B) सदृश मॉडल

(C) प्रतीकात्मक मॉडल

(D) ग्राफीकीय मॉडल

**48.** विसरण का तुलनात्मक माप निम्नलिखित में से क्या है ?

(A) मानक विचलन

(B) चतुर्थक विचलन

(C) विचलन गुणक

(D) परिसरण

**49.** यदि मानचित्र को RF 1/5500 पर बनाया जाता है, और यदि मानचित्र को छोटा करके आधा किया जाता है तो निम्नलिखित में से कौन से प्रतिनिधिक अंश सही होंगे ?

(A) 1/2750 (B) 1/11,000

(C) 1/5,000 (D) 1/33,000

**50.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

(1) नासा भारत में समस्त सेटेलाइट डेटा के लिये राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्ति एवं वितरण की एजेन्सी है ।

(2) नासा डि-कोडड डेटा एन. एन. आर. एम. एस. (NNRMS) को भेजती है जिसकी गतिविधियाँ विभिन्न स्थायी समितियों द्वारा मार्गदर्शित होती हैं ।

**कूट :**

(A) केवल (1) सही है ।

(B) केवल (2) सही है ।

(C) (1) और (2) दोनों सही हैं ।

(D) न ही (1) और न ही (2) सही है ।

www.prepp.in

**Space For Rough Work**

Your Personal Exam Guide